भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
02.08.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2110 का उत्तर

रेलवे में रिक्तियां

2110. श्रीमती चिंता अनुराधा:
श्री सय्यद ईमत्याज जलील:
श्री पी. वेलुसामी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की तारीख के अनुसार रेलवे में विभिन्न श्रेणियों में जोन-वार/राज्य-वार कुल कितनी रिक्तियां और स्वीकृत पद हैं;
(ख) रेलवे में रिक्तियों की अधिक संख्या के क्या कारण हैं;
(ग) क्या रेलवे विशेष श्रेणी के रेलवे शिक्षुता कार्यक्रम शुरू करने पर विचार कर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार ने रेलवे में बड़ी संख्या में रिक्तियों से निपटने के लिए कोई कदम उठाए हैं;
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(च) क्या सरकार ने रिक्तियों को भरने के लिए समयबद्ध और त्वरित भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए रेलवे भर्ती नीति तैयार की है;
(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ज) क्या दक्षिण रेलवे में 22,506 अराजपत्रित रिक्तियां हैं; और
(झ) यदि हां, तो वर्तमान में दक्षिण रेलवे में राजपत्रित पदों की रिक्तियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (झ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

s.k

रेलवे में रिक्तियों के संबंध में 02.08.2023 को लोक सभा में श्रीमती चिंता अनुराधा, श्री सय्यद ईमत्याज जलील और श्री पी. वेलुसामी के अतारांकित प्रश्न सं. 2110 के भाग (क) से (झ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): 01.07.2023 की स्थिति के अनुसार भारतीय रेल पर जोन-वार और कोटि-वार स्वीकृत (एसएस) पदों और रिक्तियों (वीएसी) का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

क्षेत्रीय	ग्रुप 'क'		ग्रुप 'ख'		ग्रुप 'ग'	
रेलवे	एसएस	वीएसी	एसएस	वीएसी	एसएस	वीएसी
मरे	816	141	354	-38	119372	25281
पूतरे	489	81	185	13	57311	8114
पूमरे	718	121	326	66	92324	12812
पूरे	815	242	355	-26	128529	29869
मेट्रो रेल	101	30	22	7	5130	993
उमरे	573	108	223	27	81868	15962
पूर्वोरे	514	78	202	1	59463	12830
पूसीरे	757	160	298	11	70064	12365
उरे	1157	138	448	30	163147	32468
उपरे	620	83	235	25	59076	9813
दमरे	734	110	333	-33	92828	10338
दपूमरे	437	90	163	-7	56119	7796
दपूरे	627	114	322	58	95704	13432
दरे	797	106	376	15	96313	15240
दपरे	439	86	152	-32	41618	4843
पमरे	469	87	199	-14	63841	11142
परे	898	190	400	2	115324	25597
कुल	10961	1965	4593	105	1398031	248895

परिचालन संरक्षा वर्ग की रिक्तियां 53,178 है।

(ख): भारतीय रेल एक बड़ा संगठन है। भारतीय रेल में पदों का रिक्त होना तथा उन्हें भरा जाना सतत् प्रक्रिया है, जो इसके आकार, स्थानीय वितरण और परिचालन की महत्ता पर निर्भर करता है। रिक्तियों को मुख्यतः परिचालनिक आवश्यकताओं के अनुसार भर्ती एजेंसियों को रेलवे द्वारा मांगपत्र देकर भरा जाता है।

(ग): वर्तमान में, रेलवे प्रशिक्षुता विशेष वर्ग को शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

s.k

(घ) से (च): भारतीय रेल में ग्रुप 'ए' सेवाओं में सीधी भर्ती मुख्यतः संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा की जाती है। संघ लोक सेवा आयोग और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को मांग पत्र भेजे जाते हैं।

लगभग 2.37 करोड़ उम्मीदवारों के कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित करके 1,39,050 उम्मीदवारों को पैनलबद्ध करने के लिए हाल ही में विशाल भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई है।

गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटि (एनटीपीसी) के लिए केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना सीईएन-01/2019 के लिए 211 शहरों में 726 केंद्रों पर 15 भाषाओं में 68 दिन में 133 पालियों में 1.26 करोड़ उम्मीदवारों के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित की गई थी। इसी प्रकार सीईएन-आरआरसी 01/2019 (लेवल-1) के लिए 191 शहरों में 551 केंद्रों पर 15 भाषाओं में 33 दिन में 99 पालियों में 1.11 करोड़ उम्मीदवारों के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित की गई थी।

01.04.2022 से 30.6.2023 तक की अवधि के दौरान विभिन्न ग्रुप 'सी' पदों (लेवल-1 सहित) के तहत 1,36,773 उम्मीदवारों को पैनलबद्ध किया गया है। इसमें संरक्षा कोटि के 1,11,728* पद शामिल हैं।

(ज) और (झ): 01.07.2023 की स्थिति के अनुसार दक्षिण रेलवे में अराजपत्रित रिक्तियों (लेवल-1 सहित ग्रुप 'ग') की कुल संख्या 15,240 है। 01.07.2023 की स्थिति के अनुसार दक्षिण रेलवे में राजपत्रित रिक्तियों की कुल संख्या 121 है।

***अनंतिम**

*****

s.k